देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित www.page3news.in नगर संस्करण वर्ष 17 अंक: 38 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

# पेज थ्री

देहरादून, मंगलवार, 10 मई 2022

विचार-प्रवाह...
लोकतांत्रिक राजनीति का दायरा बढ़ाने की चुनौती





मौसम अधिकतम 32.0° न्यूनतम 23.0°

41243.40

2 दुनिया को ताकत दिखा रहे पुतिन

7 धोनी से मिले ज्ञान के बाद आया तूफान

# विकास के लिए नहीं छोड़ूंगा कोई कसर

## चंपावत उपचुनावः सीएम धामी ने दाखिल किया नामांकन, लोगों से किया विकास का वादा

संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को चंपावत उपचुनाव के लिए अपना नामांकन दाखिल किया। इस दौरान उनके साथ भारी संख्या में उनके समर्थक मौजूद रहे। श्याम पांडे सीएम धामी के प्रस्ताव श्याम पांडे बने। वहीं सीएम के लिए सीट छोड़ने वाले पूर्व विधायक कैलाश गहतोड़ी भी पूरी प्रक्रिया के दौरान उनके साथ दिखे।

सोमवार को सीएम धामी के नामांकन को लेकर कार्यकर्ताओं में जबरस्त उत्साह देखने के लिए मिल रहा है। नामांकन से पहले सीएम ने पत्नी के साथ चकरपुर बनखंडी महादेव शिव मंदिर सुबह पूजा अर्चना कर जलाभिषेक किया। इस के बाद सीएम ने रोड शो किया। इस दौरान भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मदन कौशिक, रक्षा राज्यमंत्री अजय भट्ट, सांसद अजय टम्टा, कैबिनेट मंत्री चंदन राम दास, सौरभ बहुगुणा, रेखा आर्या समेत कई विधायक और वरिष्ठ नेता भी मौजूद रहे।

सीएम पुष्कर सिंह धामी सुबह नौ बजे चंपावत के लिए रवाना हुए थे। उन्होंने टनकपुर बनबसा में सबसे पहले रोड शो किया। इसी बीच तजगह-जगह समर्थकों व आम लोगों ने उनका स्वागत किया। सीएम ने भी सभी का अभिवादन स्वीकार किया। इस बीच वह लोगों से जनसंपर्क भी करते रहे। 90 किमी लंबा रोड शो करने के बाद सीएम चंपावत तहसील पहुंचे और यहां नामांकन दाखिल किया। उनके नामांकन दाखिल करते ही उनके समर्थकों ने जोर शोर से उनके समर्थन में नारेबाजी की।

### अपनी भाषा में जनता से किया संवाद

सीएम पुष्कर सिंह धामी ने चंपावत की जनता से विकास का वादा किया। उन्होंने पहाड़ी में कहा कि मैं तुमर चेल छू तुमुल ख्याल रखना छ यांक लोग सब लोग की मदद करनाल मैं तुमर हर सुख दुख में काम उन। तुमर धन्यवाद करनहन शब्द नहोनी। अब सब तुम्हारे हाथ में छ। इसी के साथ सीएम ने अपना संबोधन खत्म किया। इन पक्तियों में सीएम ने जनता से कहा कि मैं आप सब के साथ हूं।



### सीएम धामी अलग ही अंदाज में आए नजर

चंपावत उपचुनाव के नामांकन से लेकर जनसभा तक सीएम पुष्कर सिंह धामी का आज अलग ही अंदाज नजर आया। जनसभा में मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि चंपावत पिथौरागढ़ और मैदान को जोड़ने का काम करेगा। सीएम ने कहा कि जब मेरा परिवार डीडीहाट से खटीमा जाता था तो बीच में चंपावत पड़ता था। मेरी मां कहती थी कि चंपावत के लोग बहुत ही अच्छे हैं और व्यवहारिक होते हैं। विधायक कैलाश गहतोड़ी यह साबित किया है।

जनसभा को संबोधित करते हुए सीएम पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि चंपावत गुरु गोरखनाथ की भूमि है। उन्होंने बताया कि यूपी के सीएम योगी ने अपने उत्तराखंड दौरे के दौरान कहा था कि वह चंपावत गुरु गोरखनाथ के दर्शन के लिए पहुंचेंगे। उन्होंने कहा कि गोलज्यू सर्किट को विकसित किया जाएगा। सीएम धामी ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि जो प्यार और आशीर्वाद मुझे जनता से मिला है वह अभूतपूर्व है। मुझे यकीन है कि आगे भी जनता से मुझे यह प्यार मिलता रहेगा। सीएम ने कहा कि प्रदेश सरकार जनता के हित में अहम फैसले ले रही है। जनता को इसका लाभ मिले इसके भरसक प्रयास किए जा रहे हैं।

### चुनाव जीतना ही पहला और आखिरी विकल्प

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के सामने पांच साल मुख्यमंत्री बने रहने के लिए चुनाव जीतना ही पहला और आखिरी विकल्प है। साथ ही उन पर अब तक उपचुनाव जीते मुख्यमंत्रियों के वोटों के अंतर का रिकॉर्ड तोड़ने की चुनौती का दबाव भी रहेगा। उत्तराखंड में मुख्यमंत्रियों के उपचुनाव का इतिहास जीत का रहा है। सबसे अधिक वोटों के अंतर से उपचुनाव जीतने का रिकॉर्ड मुख्यमंत्री के तौर पर विजय बहुगुणा का है। 2002 में तत्कालीन मुख्यमंत्री एनडी तिवारी ने रामनगर विस से चुनाव जीता था। उन्होंने भाजपा के राम सिंह को 9693 वोटों के अंतर से हराया था। 2007 में भाजपा की सरकार बनीं तो जनरल बीसी खंडूड़ी ने धुमाकोट से उपचुनाव लड़ा।

## संक्षिप्त समाचार

### शाहीन बाग में याचिका पर सुप्रीम कोर्ट की लताड़

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

नई दिल्ली। सोमवार को सीएए के खिलाफ प्रदर्शन से चर्चा में आए शाहीन बाग में अतिक्रमण पर बुलडोजर चलाने पहुंचे दक्षिण दिल्ली नगर निगम के अधिकारियों को भारी विरोध झेलना पड़ा। तीन घंटे तक चले इस ड्रामे के बाद नगर निगम के अधिकारी वापस लौट गए लेकिन इस कार्रवाई के खिलाफ मार्क्सवादी कम्यूनिस्ट पार्टी सुप्रीम कोर्ट पहुंच गई। शीर्ष अदालत ने इस याचिका पर सुनवाई से इंकार कर दिया।

### चारधाम रूट पर तैनात होगी एडवांस लाइफ सपोर्ट एम्बुलेंस

संवाददाता देहरादून। उत्तराखंड आने वाले तीर्थ यात्रियों को चारधाम मार्गों पर विशेष स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश अधिकारियों को दे दिये गये हैं। यात्रा रूटों पर उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग एवं चमोली जनपदों में तीर्थ यात्रियों की सुविधा के लिए राज्य में संचालित 108 आपातकालीन एम्बुलेंस सेवा के अलावा एएलएस तैनात की गई हैं।

# श्रीलंका के पीएम महिंदा राजपक्षे ने दिया इस्तीफा

## राजनीतिक संकट गहराया, पूरे देश में लगा कर्फ्यू

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

कोलंबो। श्रीलंका में आर्थिक संकट के साथ वहां अब राजनीतिक संकट भी गहराता दिख रहा है। आज प्रधानमंत्री महिंदा राजपक्षे ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। राष्ट्रपति गोटाबाया राजपक्षे के अनुरोध के बाद पीएम महिंदा ने यह फैसला लिया है। उनसे आपातकाल की स्थिति के बाद गहराते आर्थिक संकट के कारण पद छोड़ने का अनुरोध किया गया था। इससे पहले प्रधानमंत्री राजपक्षे ने कहा कि वह जनता के लिए कोई भी बलिदान देने को तैयार हैं।

**मंत्रिमंडल को पहले ही कर दिया था सूचितः** पीएम महिंदा ने श्रीलंकाई मंत्रिमंडल को पहले ही अपने इस्तीफे के बारे में सूचित कर दिया था। वहीं उनका इस्तीफा कैबिनेट में भी बिखराव लाएगा जिससे वहां अब और संकट गहरा सकता है। बता दें कि महिंदा राजपक्षे पहले कई बार कह चुके थे कि अगर श्रीलंका में आर्थिक संकट का एकमात्र समाधान उनका इस्तीफा है, तो वह ऐसा करने को तैयार हैं।

**कोलंबो में हिंसक झड़प, 20 घायलः** राजधानी कोलंबो में इस बीच आज सत्ताधारी पार्टी के समर्थकों ने सरकार का विरोध कर रहे लोगों पर ही धावा बोल दिया। सरकार समर्थकों की पुलिस के साथ भी झड़प की जानकारी सामने आई है, जिसके बाद पुलिस ने उनपर आंसू गैस के गोले छोड़े और वाटर कैनन से पानी की बौछार की।

गौरतलब है कि स्वतंत्रता के बाद से देश के सबसे खराब वित्तीय संकट के बीच राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे का वहां के आम लोग विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं।

### लोहे के डंडों से प्रदर्शनकारियों पर हमला

सोमवार को सत्तारूढ़ पार्टी के सैकड़ों समर्थकों ने प्रधानमंत्री महिंदा राजपक्षे के आधिकारिक आवास के बाहर रैली की। गोटा गो गामा विरोध स्थल पर सरकार समर्थकों ने लोहे के डंडों से प्रदर्शनकारियों पर हमला किया। मार्च के अंत में राष्ट्रव्यापी विरोध प्रदर्शन शुरू होने के बाद सरकार समर्थक और सरकार विरोधी लोगों के बीच यह पहली झड़प है। इस टकराव में कम से कम 20 लोग गंभीर रूप से घायल हुए है। वहीं झड़प के इलाके में अर्धसैनिक बलों को तैनात किया गया है और श्रीलंका के पश्चिमी प्रांत में कर्फ्यू लगा दिया गया है, जिसमें कोलंबो भी शामिल है।

# भारत-फ्रांस मिलकर अंतरिक्ष और रक्षा क्षेत्र में करेंगे काम

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

नई दिल्ली। पीएम नरेंद्र मोदी द्वारा हाल ही में की गई फ्रांस यात्रा के बाद अंतरिक्ष और रक्षा क्षेत्र में मेक इन इंडिया के तहत भारत के साथ मिलकर काम करने के लिए फ्रांस सहमत हुआ है। मेक इन इंडिया का प्रसार कितनी तेजी से हो रहा है, दोनों देशों के बीच हुई सहमति इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। भारत और फ्रांस इस पहल के तहत द्विपक्षीय संबंध स्थापित करने पर सहमत हुए हैं।

फ्रांस की यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रों ने द्विपक्षीय और आपसी हितों के मुद्दों पर चर्चा की थी। इस दौरान दोनों नेताओं ने अंतरिक्ष मुद्दों पर चर्चा के साथ ही सभी रक्षा क्षेत्रों में चल रहे गहन सहयोग का स्वागत किया था। दोनों देशों में के बीच हुआ ये समझौता अंतरिक्ष और रक्षा एजेंसियों, प्रशासन और विशेष पारिस्थितिकी तंत्र के विशेषज्ञों को अंतरिक्ष पर लागू मानदंडों और सिद्धांतों पर चर्चा करने के साथ-साथ नए क्षेत्रों में काम करने के लिए एक साथ लाएगा।

### सहमति

■द्विपक्षीय संबंध स्थापित करने पर हुए सहमत

वहीं, इस साल भारत और फ्रांस के बीच राजनयिक संबंधों के 75 साल पूरे हुए हैं। दूसरी ओर भारत और फ्रांस के बीच समुद्री सहयोग और विश्वास भी नई ऊंचाइयों को छू रहा है। ये सहयोग और विश्वास पूरे हिंद महासागर में सैन्य अभ्यास और संयुक्त प्रयासों जरिए अनवरत चलता रहेगा। दोनों देशों के बीच लंबे समय से चल रहा आयुध सहयोग इसका उदाहरण है। साथ ही, दोनों देशों ने अपनी साइबर सुरक्षा एजेंसियों के बीच सहयोग को मजबूत किया है। दोनों देशों में इसे आगे ले जाने पर सहमति बनी है। इसके साथ ही भारत और फ्रांस साइबर खतरों का मुकाबला करने के लिए साइबर मानदंडों और सिद्धांतों को बढ़ावा देने के लिए एक साथ आने पर सहमत हुए हैं।


Are you Planning to make a Website or already have ?
If yes, then we are here to serve you
What we do
Website Development
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.
Promotion & Branding
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS
Search Engine Optimisation
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.
Contact:
Gadoli Media Ventures
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. | Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in


# फिर झेलने पड़ेंगे लू के थपेड़े

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

नई दिल्ली। दिल्ली में तापमान एक बार फिर बढ़ने लगा है। इस बीच भारत मौसम विज्ञान विभाग ने सोमवार को बताया कि इस सप्ताह दिल्ली और आसपास के इलाकों में तीन दिनों तक लू चलने की संभावना है। हालांकि, मई के महीने में अप्रैल जैसी स्थिति उत्पन्न नहीं हो सकती है। राहत देने वाली बात यह है कि पश्चिमी विक्षोभ की वजह से 13 मई के बाद गर्मी से थोड़ी निजात मिल सकती है।

### 13 मई के बाद मिल सकती है गर्मी से निजात

भारतीय मौसम विभाग के वरिष्ठ वैज्ञानिक आरके जेनामणि ने समाचार एजेंसी एएनआइ से बात करते हुए कहा, 9 मई तक दिल्ली का तापमान पिछले सात दिनों से 40-42 डिग्री सेल्सियस के भीतर बना हुआ है। ऐसी भविष्यवाणी है कि 11, 12 और शायद 13 तारीख को दिल्ली में कुछ स्थानों पर लगभग तीन दिनों तक लू चल सकती है।

आइएमडी के वैज्ञानिक ने राहत देने वाली भविष्यवाणी करते हुए कहा कि दिल्ली, हरियाणा और पंजाब में 13 मई को एक पश्चिमी विक्षोभ की चपेट में आएंगे, जो बढ़ते तापमान को नियंत्रण में रखेगा।